छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल

(मुख्यालय, पर्यावास भवन, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर – 492002)
Tele : 0771-2512121, Fax : 2512122, website : www.cghb.gov.in, email : cghbho@gmail.com

क्रमांक 35 /एफ–13 /संपदा/ 2023 नवा रायपुर दिनॉक 08 / 09 /2023

!! कार्यालयीन आदेश !!

विषयः– संपदा शाखा के कर्मचारियों के द्वारा लिये जाने वाले अवकाश एवं समय में कार्यालय आने बाबत्।

––000––

विषयांतर्गत कर्मचारियों के अवकाश हेतु छत्तीसगढ़ सिविल सेवाए अवकाश नियम 2010 प्रचलन में है। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल मुख्यालय संपदा शाखा के कार्यरत् कर्मचारियों (नियमित एवं प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से) द्वारा नियंत्रणकर्ता अधिकारी एवं शाखा प्रमुख को बिना अवगत कराए अवकाश लिया जा रहा है। कतिपय कर्मचारियों द्वारा केवल अवकाश हेतु आवेदन डाक में रखकर बिना सूचित किए एवं अनुमति के अवकाश में चले जाते है, जिससे मुख्यालय के कार्यो में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवाए अवकाश नियम 2010 के अनुरुप उचित नही है। मुख्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल में कई अतिआवश्यक कार्य होते है जिनका समय से निराकरण किया जाना आवश्यक होता है तथा कर्मचारियों के अनुपस्थिति में अतिआवश्यक प्रकरणों की जानकारी एवं निराकरण संभव नही होता है। जिससे संबंधित अधिकारियों को अपरिहार्य स्थितियों का सामना करना पड़ता है।

2/ छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल मुख्यालय प्रशासन शाखा द्वारा कार्यालय में निर्धारित समय में उपस्थित होने निर्देश जारी किये गए है, कतिपय देखा गया है कि संपदा शाखा के कर्मचारी निर्धारित समय में अनुपस्थित पाये गये है, जिससे भी मुख्यालय के कार्यों में व्यवधान हो रहा है।

तत्संबंध में संपदा शाखा के समस्त कर्मचारियों को निर्देशित किया जाता है कि अवकाश में जाने के पूर्व नियंत्रणकर्ता अधिकारी/शाखा प्रमुख से अनुमति पश्चात् ही अवकाश में जावे तथा निर्धारित समय में कार्यालय में उपस्थित होवें अन्यथा नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

08/9/2023

मुख्य संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
नवा रायपुर अटल नगर

पृ.क्र 1882 /एफ–13/संपदा/23 नवा रायपुर दिनॉक 08/ 09/2023

प्रतिलिपिः–

1. स्टॉफ ऑफिसर आयुक्त महोदया, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, पर्यावास भवन, नवा रायपुर, अटल नगर की ओर सूचनार्थ।
2. अपर आयुक्त, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, रायपुर/दुर्ग/बिलासपुर की ओर सूचनार्थ।
3. मुख्य लेखा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, मुख्यालय पर्यावास भवन, नवा रायपुर, अटल नगर की ओर सूचनार्थ।
4. प्रशासकीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, मुख्यालय पर्यावास भवन, नवा रायपुर, अटल नगर की ओर सूचनार्थ।
5. श्री/श्रीमती.....की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
6. आदेश नस्ती/गार्ड फाईल।

08/9/2023

मख्य संपदा अधिकारी

M/C